भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2521
दिनांक 10 अगस्त 2026

गुजरात में पीएनजी एवं सीएनजी अवसंरचना का विस्तार

2521 **श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाईः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में गुजरात राज्य में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) एवं संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) अवसंरचना तथा ईंधन आपूर्ति नेटवर्कों के संबंध में कोई समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान राज्य में उपलब्ध कराए गए घरेलू पीएनजी कनेक्शनों, शुरू किए गए सीएनजी स्टेशनों तथा बिछाई गई पाइपलाइन अवसंरचना का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात राज्य में पीएनजी एवं सीएनजी नेटवर्क के आगे विस्तार के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा राज्य के पात्र शहरी, अर्द्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सुलभता सुनिश्चित करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग) पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराना तथा कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन स्थापित करना, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है, जिसमें पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है ताकि घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी तथा परिवहन क्षेत्र को सीएनजी की आपूर्ति की जा सके। यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।

गुजरात राज्य में, पीएनजीआरबी ने 32 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज़) को अधिकृत किया है (जिसमें 1 जीए दमन और दीव (केंद्र शासित प्रदेश) एवं गुजरात में फैला हुआ है तथा 1 जीए गुजरात एवं महाराष्ट्र में फैला हुआ है), जो पूरे गुजरात राज्य (शहरी एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों सहित) को कवर करते हैं, सीजीडी नेटवर्क के विकास हेतु न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्य के साथ। इस लक्ष्य में 47,53,332 पीएनजी घरेलू कनेक्शन, 210 सीएनजी स्टेशन एवं 1,10,600 इंच-किलोमीटर पाइपलाइन का निर्माण दिसंबर 2028 तक पूरा करना शामिल है। दिनांक 31.05.2026 तक, अधिकृत सीजीडी संस्थाओं ने गुजरात राज्य में 39,08,499 पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान किए हैं, 1,108 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं तथा 51,895 इंच-किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों एवं चालू वर्ष में गुजरात राज्य में सीजीडी की प्रगति अनुलग्नक में दिया गया है।

सीजीडी संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के माध्यम से सीजीडी नेटवर्क की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। विलंब या कमी के मामलों में, संस्थाओं को सुधारात्मक उपाय करने की सलाह दी जाती है। इसमें प्रगति समीक्षा बैठकें या वैधानिक सुनवाई आयोजित करना शामिल है, जैसा कि लागू विनियमों के अंतर्गत प्रावधान किया गया है, ताकि चुनौतियों पर चर्चा की जा सके और उनके अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज़) में न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्यों की नवीनतम स्थिति की समीक्षा की जा सके। इसके अतिरिक्त, चूककर्ता संस्थाओं को नोटिस जारी किए जाते हैं, जिनमें प्राधिकरण की शर्तों एवं नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया जाता है तथा उन्हें नियामक कार्रवाई, जिसमें निरंतर डिफॉल्ट की स्थिति में दंड भी शामिल है, की सूचना दी जाती है।

*****

अनुलग्नक

'गुजरात में पीएनजी एवं सीएनजी अवसंरचना का विस्तार' के बारे में संसद सदस्य श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2521 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात राज्य में पीएनजी घरेलू कनेक्शनों, सीएनजी स्टेशनों तथा पाइपलाइन अवसंरचना की उपलब्धियों का विवरण

वर्ष	डीपीएनजी कनेक्शनों की संख्या (संचयी)	स्टेशनों की संख्या (संचयी)	पाइपलाइन बिछाई गई - इंच)कि(.मी . (संचयी)
मार्च-23 तक	29,77,046	1,011	38,100
मार्च- 24तक	32,88,498	1,017	41,825
मार्च- 25तक	35,79,961	1,055	44,656
मार्च- 26तक	38,44,934	1,102	51,589
मई- 26तक	39,08,499	1,108	51,895

(स्रोत: पीएनजीआरबी)

*****